मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# मलिहाबाद ईदगाह के मुतवल्ली पर फायरिंग

## ईदगाह में सफाई कार्य का जाएजा लेने गए थे अहसन खां, चार नामजद समेत 15 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मलिहाबाद।

- नगर पंचायत की अध्यक्ष हैं मुतवल्ली की मां

**अमृत विचार:** मलिहाबाद के गढ़ी खंजर खां में रविवार को ईद की नमाज से पहले सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे चेयरमैन के बेटे व सदरी ईदगाह के मुतवल्ली अहसन खां पर हमला कर दिया गया। उनको निशाना बनाते हुए दो राउंड फायरिंग की गई। हमले वह बाल-बाल बच गये। आरोपियों ने उनकी कार में तोड़फोड़ की और अंदर रखा 30 हजार रुपये लूट लिया। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद समेत 15 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

मलिहाबाद के मिर्जागंज कस्बा निवासी अहसन खां नगर पंचायत के अध्यक्ष के बेटे और ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार शाम करीब 4:30 बजे ईद की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं देखने पहुंचे थे। उनका आरोप है कि मोहल्ले के मुन्ना, सोनू,शादाब और अलीम 10–15 अन्य साथियों के साथ असलहे लेकर वहां मौजूद थे। ईदगाह पहुंचने पर अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर सोनू ने छाती पर तमंचा तानकर फायर कर दिया, गोली निशाने से चूक गई। इसके बाद शादाब ने फायरिंग की। अहसन किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे। हमलावरों ने उनकी कार को निशाना बनाते हुए उस पर भी गोलियां चलाईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि हमलावरों ने कार में रखा 30 हजार रुपये भी निकाल लिया। पीड़ित घटना के बाद मलिहाबाद थाने पहुंचे। पुलिस को पूरी जानकारी दी।

सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस को मौके पर खोखे मिले हैं। जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुन्ना, उसके बेटे सोनू, शादाब, अलीम और करीब 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक नगर पंचायत अध्यक्ष अजीज हसन खां की 2005 में हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से उनकी उनकी पत्नी लगातार नगर पंचायत अध्यक्ष हैं।

### दो पक्षों में मारपीट, छह घायल

अमृत विचार, माल : थाना क्षेत्र के केड़ौरा गांव में दो पक्षों में शनिवार शाम को जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के बीच डंडे व पत्थर चले। जिसमें छह लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने माल थाने में शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर तीन महिलाओं सहित नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित राज ने बताया कि गांव के ही जितेंद्र, शुभम, अंशू, राजरानी व पूनम शनिवार शाम को घर में घुस गए। आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए लात–घूंसों, डंडे व पत्थर से परिवार को पीटा। यही नहीं आरोपी पीड़ित मां–बेटों को खींचकर बाहर लाए और जमकर मारा। पिटाई से राज, उसका भाई विवेक व मां किरन घायल हो गए। वहीं, गांव के ही आशुतोष ने बताया कि गांव के ही वेद प्रकाश, ने बेटे विवेक गुप्ता, राज गुप्ता और पत्नी किरन के साथ उनपर हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित, उसकी बहन पूनम गुप्ता और मां राजरानी को बेरहमी से पीटा। विरोध करने पर गाली–गलौज कर धमकाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सिलेंडर के पैसे से पी शराब, लगाया फंदा

काकोरी, संवाददाता

- काकोरी के नरौना एआर ग्रीन लॉन में हुई घटना, जांच शुरू
- शराब पीने पर पत्नी से कहासुनी के बाद उठाया आत्मघाती कदम



**अमृत विचार:** काकोरी के नरौना स्थित एआर ग्रीन लॉन में काम करने वाले रामप्रसाद गौतम उर्फ रामू (35) ने फंदा लगाकर रविवार शाम जान दे दी। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि रविवार को पत्नी रानी ने उसे रसोई गैस सिलेंडर लाने के लिए रुपये दिये। जिसका रामू ने शराब पी लिया। घर वापस आया तो सिलिंडर के बारे में पत्नी ने पूछा। इस पर विवाद हुआ। नाराज रामू ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूलतः सीतापुर के सदरपुर रसूलपुर निवासी राम प्रसाद गौतम उर्फ रामू नरौना स्थित एआर ग्रीन लॉन में मजदूरी करता था। पिछले पांच वर्ष से लॉन में बने कमरे में परिवार के साथ रहता है। परिवार में पत्नी रानी, चार बेटियां और एक बेटा रामदीन साथ रहते थे। रानी के मुताबिक रविवार को घर पर रसोई गैस सिलेंडर खत्म हो गया था। पत्नी ने रामप्रसाद को रसोई गैस सिलेंडर लाने के लिए पैसे दिए थे। कुछ देर बाद रामप्रसाद शराब के नशे में घर आए। नशे में पति को देखकर पत्नी से विवाद हो गया। इसके बाद गुस्से में पति चला गया।

लॉन में लगे टेंट के पाइप से परदे के सहारे फंदा लगा लिया। कुछ देर बाद लॉन में काम करने के लिए मजदूर गए, तो रामप्रसाद को फंदे से लटका देखा चीख पड़े। शोर सुनकर लॉन के मालिक और परिवार के लोग पहुंचे। पति का शव फंदे पर लटका देखकर पत्नी बेसुध हो गई। पुलिस कंट्रोल रूम पर युवक के आत्महत्या करने की सूचना दी। मौके पर पहुंची काकोरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की तो उसने बताया कि पति शराब पीने का लती था। रविवार को रसोई गैस सिलिंडर भराने के लिए पैसे दिए थे। वह गैस लेकर नहीं आया और शराब पीकर घर लौट आया। इसी बात को लेकर पति से कहा सुनी हुई थी। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि मृतक शराब पीने का लती था। पत्नी से विवाद के बाद उसने फंदा लगा लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रेन हैमरेज से वितरक विनय कुमार का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : वृंदावन–तेलीबाग सेंटर के वितरक विनय कुमार का केजीएमयू में चल रहा था। इलाज के दौरान रविवार को ब्रेन हैमरेज होने से उनका निधन हो गया। 36 वर्षीय विनय नके परिवार में पत्नी, पांच वर्ष का बेटा और चार वर्ष की बेटी हैं। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।निधन की सूचना मिलते ही वृंदावन सेंटर के अध्यक्ष राम रावरूप, बृज किशोर, रवि मिश्रा और राम निवास समेत अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।



विनय कुमार

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। डॉयल–112 पर सूचना मिलते ही गोमतीनगर विस्तार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 1.35 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : सेवई बरौना निवासी अंजनी कुमार 11 फरवरी की सुबह अर्जुनगंज में गीता कांप्लेक्स स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गए थे। इसी दौरान पीछे से आए दो युवकों ने मददगार बनकर बातों में फंसाया। कार्ड बदलकर मशीन सही नहीं होने की बात कही। घर पहुंचने के बाद अंजनी के मोबाइल पर रुपये कटने के मैसेज आने लगे। कार्ड देखा तो वह उनका नहीं था। पीड़ित ने बताया कि जालसाजों ने कार्ड बदलकर 1.35 लाख रुपये पार कर दिए। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। बैंक से एटीएम बूथ के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज मांगे गए हैं।

### दो के खाते से उड़ाए 6.80 लाख रुपये

अमृत विचार,लखनऊ : जालसाजों ने निजी कंपनी कर्मी समेत दो के खातों से करीब 6.80 लाख रुपये उड़ा लिए। जानकीपुरम के तिवारीपुर निवासी महेंद्र सिंह ने करीब डेढ़ माह पहले गाजियाबाद से अजमेर के लिए एयर टिकट बुक कराया था। दो हफ्ते पहले उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया गया कि फ्लाइट तकनीकी समस्या के चलते निरस्त कर दी गई है। 10 मार्च को महेंद्र ने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर हासिल कर कॉल की थी।

# प्रतियोगिता में प्रशांत और दिव्यांश का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** खेल निदेशालय और क्षेत्रीय खेल कार्यालय के देखरेख में रविवार को चौक स्टेडियम में जिला स्तरीय बालक वुशू प्रतियोगिता हुई। इसका उद्घाटन समाजसेवी गुलाम रसूल ने किया।

सांडा में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के 45 किग्रा भार वर्ग में प्रशांत रावत प्रथम,आयुष द्वितीय, करन कश्यप तृतीय रहे। 48 किग्रा में दिव्यांश दीक्षित को पहला, मो. अफार को दूसरा व हिमांशु गौतम को तीसरा स्थान मिला। 52 किग्रा में उमेश राय प्रथम, विवेक पटेल द्वितीय व मो. समीर तृतीय रहे। 56 किग्रा में महेंद्र कुमार पहले,शुभम रावत दूसरे,अंश कुमार गुप्ता तीसरे, 60 किग्रा में प्रद्युमन सिंह पहले, सम्राट प्रताप दूसरे, अर्जुन कुमार तीसरे और 65 किग्रा में विशेष रावत पहले, नैतिक दूसरे व प्रतीत गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। समापन समारोह में उपक्रीड़ा अधिकारी अरबिंद सिंह कुशवाहा ने पुरस्कार बांटे।



अमेठी के एक लॉन में आयोजित रोजा इफ्तार में मोहनलालगंज से सांसद आरके चौधरी, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर, अर्चना रावत, राम समुझ रावत, पूर्व चेयरमैन गोसाईगंज बृजेश यादव, लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पांडे, अधिवक्ता अमरेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता शिव अटल सिंह,अधिवक्ता फैज़ान रहमत आदिल खा आदि शामिल हुए।

# एक ने फंदा लगाया तो दूसरे ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा व मड़ियांव के केशवनगर कालोनी की घटना

अमृत विचारः मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा में सौरभ कुमार (19) ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। वहीं, मड़ियांव के केशवनगर निवासी रामजीवन राठौर (27) ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक किसी भी मामले में सुसाइड नोट नहीं मिला।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक सीतापुर के महोली गांव निवासी राम जीवन राठौर केशव नगर में अपने भाई रमेश संग रहते थे। कुछ दिन पहले रमेश गांव गए थे। राम जीवन घर में अकेले ही थे। शनिवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक ने आवाज लगाई। दस्तक देने पर कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो रामजीवन का शव चादर के सहारे पंखे से लटका मिला। पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि परिवार का कोई आरोप नहीं है। पुलिस के मुताबिक कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। उधर, मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा में शनिवार को सौरभ कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे आनन-फानन सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिवार को सौंप दिया गया।

# भाई को फोन कर बताया खा लिया जहरीला पदार्थ, मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर।

- बंथरा के रामचौरा में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** बंथरा के रामचौरा गांव निवासी अंबर (25) ने अपने छोटे भाई सूरज को कॉल किया। इसके बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परेशान परिजन उसकी तलाश करते हुए बाराबिरवा नहर के पास पहुंचे। जहां सड़क किनारे अंबर पड़ा मिला। उसे ट्रामा सेंटर लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन के मुताबिक चार फरवरी को अंबर की शादी हुई थी।

बंथरा के रामचौरा गांव निवासी राम आधार परिवार संग रहते है। परिवार में पत्नी कुसुम, तीन बेटे मुकेश, अंबर और सूरज है। परिजन ने बताया कि अंबर की शादी इसी वर्ष चार फरवरी को अर्चना के साथ हुई थी। अंबर शनिवार की सुबह बिना किसी को बताए घर से चला गया। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने अंबर की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजन ने रिश्तेदारों से संपर्क किया। लेकिन अंबर का कोई पता नहीं चला।

शनिवार देर शाम अंबर ने अपने छोटे भाई सूरज को फोन किया और उसने बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। वह बाराविरवा नहर के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है। अंबर के जहर खाने की बात सुनकर परिवार में अफरा-तफरी मच गयी। परिजन आनन-फानन में अंबर के बताए हुए स्थान पर पहुंचे। वहां देखा कि अंबर सड़क किनारे बेहोश पड़ा हुआ था। परिजन अंबर को ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने अंबर की हालत गंभीर देखते हुए उसे भर्ती कर लिया। शनिवार देर शाम इलाज के दौरान अंबर की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि अंबर ने जहर क्यों खाया, इसके बारे में जानकारी नहीं है।

### 40 दिन पहले हुई थी अंबर की शादी, शव देख पत्नी बेसुध

पिता राम आधार ने बताया कि अंबर की शादी इस वर्ष बीते चार फरवरी को अर्चना के साथ हुई थी। परिवार में सभी लोग खुश थे। अचानक ऐसा क्या हुआ कि अंबर ने घर से दूर जाकर जहर खा लिया। अंबर की हालत बिगड़ने पर उसने अपने छोटे भाई सूरज को फोन कर जहर खाने की जानकारी दी। पति अंबर की मौत की खबर मिलते ही पत्नी अर्चना बेसुध हो गई। साथ की महिलाएं उस पर पानी डालकर अर्चना को होश में ला रही थी। लेकिन जब भी अर्चना होश में आती थी कि बस वह पति अंबर का ही नाम लेकर बेहोश हो जाती थी।

### कंबल में लिपटा मिला व्यक्ति का शव

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के अहिमामऊ चौराहे पर शनिवार की देर रात व्यक्ति का शव कंबल में लिपटा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ताला तोड़ तीन घंटे खंगाला घर, 50 लाख के जेवर व नकदी ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर के इंदिरानगर सेक्टर-20 के घर में हुए चोरी की वारदात
- पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में घर में घुसते और निकलते दिखे दो चोर

**अमृत विचारः** गाजीपुर के इंदिरानगर सेक्टर-20 में चोरों ने व्यवसायी के बंद मकान को निशाना बनाया। देर रात ताला तोड़कर घुसे चोरों ने करीब तीन घंटे तक पूरे घर को खंगाला। 50 लाख के जेवर, नकदी व लैपटॉप लेकर चोर तड़के फरार हो गए।

वारदात के दौरान पीड़ित परिवार बच्चों की छुट्टियों पर पैतृक गांव गया था। सुबह सामने वाली महिला ने वीडियो कॉल कर चोरी की सूचना देकर घर का दृश्य दिखाया। पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे में दो चोर कैद हुए हैं। गाजीपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है। बाराबंकी के मूल निवासी सोनाक्षी जैन पति अंकित कुमार जैन व बच्चों के साथ इंदिरानगर सेक्टर-20 स्थित उजाला अपार्टमेंट के पीछे रहती हैं।

12 मार्च की देर शाम करीब 7 बजे परिवार के साथ पैतृक निवास रामनगर स्थित गणेशपुर गांव गई थीं। 13 मार्च को सुबह करीब 9:12 बजे सामने रहने वाली किरायेदार ने फोन पर घर का दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। वीडियो कॉल पर अंदर का सीन दिखाया। सोनाक्षी की सूचना पर पिता संजय जैन घर पहुंचे और डॉयल-112 पर पुलिस को सूचना दी। गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद सोनाक्षी भी पहुंच गई। अलमारी, बेड और कपड़े अस्त-व्यस्त पड़े थे और अलमारी के लॉकर से 50 लाख के जेवर, करीब 50 हजार रुपये नकद और लैपटॉप गायब था। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में 13 मार्च की देर रात 2 बजे दो चोर घर का ताला तोड़कर अंदर जाते और तड़के करीब 5 बजे बाहर आते दिखे हैं। चोरों ने करीब 3 घंटे तक पूरे घर को खंगाला और चोरी की। गाजीपुर पुलिस ने सोनाक्षी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### जमीन बेचने का झांसा देकर 6.50 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊः** सुशांत गोल्फ सिटी के अवध विहार योजना स्थित सरयू एंक्लेव निवासी रमापति तिवारी ने बताया कि पीजीआई के कल्ली पश्चिम में 14,290 वर्गफीट जमीन किसान देशराज रावत और उर्मिला के नाम दर्ज है। आरोप है कि अमित सैनी निवासी खरिका तेलीबाग और नंद किशोर यादव निवासी वृंदावन योजना ने उस जमीन का 13 अप्रैल 2023 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराया था। अमित व नंद किशोर ने ड्राइवर पवन त्रिवेदी के परिचित हरिकृष्ण शुक्ला निवासी रायबरेली के माध्यम से उस जमीन में 9186 वर्गफीट भूखंड रमापति के नाम एग्रीमेंट किया। इसके एवज में देशराज, उर्मिला के खाते में 75-75 हजार, अमित के खाते में तीन लाख ट्रांसफर किए, जबकि नंद किशोर को दो लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद उक्त लोगों ने उनका भूखंड बेच दी।



परचा काउंटर पर पसरा सन्नाटा।

# अलीगंज सीएचसी में नया पर्चा काउंटर बेकार, बारिश में खराब हुआ फर्नीचर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुभारंभ के बाद भी शुरू नहीं हुआ संचालन, इमरजेंसी भी अब तक ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट नहीं

**अमृत विचार :** अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मरीजों की सुविधा के लिए बनाया गया नया पंजीकरण काउंटर शुरू होने से पहले ही बदहाल हो गया है। काउंटर का शुभारंभ होने के बावजूद वहां काम शुरू नहीं किया गया, जिससे बारिश का पानी अंदर घुस गया और प्लाई से बना सारा फर्नीचर खराब हो गया। फर्नीचर अब भी काउंटर के अंदर ही पड़ा हुआ है।

सीएचसी में रोजाना करीब 150 से 200 महिला मरीज और बच्चे इलाज के लिए पहुंचते हैं। फिलहाल अस्पताल परिसर के अंदर बने पर्चा काउंटर से पंजीकरण किया जाता है, जहां जगह कम होने के कारण मरीजों को पर्चा बनवाने में धक्कामुक्की का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए बीते साल सीएचसी गेट पर टिनशेड के नीचे नया पर्चा काउंटर बनाया गया था।

तत्कालीन सीएचसी प्रभारी की ओर से पर्चा काउंटर को नए स्थान पर शिफ्ट नहीं किया गया। इस बीच बारिश का पानी काउंटर में भर गया, जिससे वहां रखा फर्नीचर पानी में डूब गया। समय पर फर्नीचर नहीं हटाने से हजारों रुपये का सामान खराब हो गया। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. एनबी. सिंह ने कहा कि सीएचसी प्रभारी से जवाब तलब किया जाएगा और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### इमरजेंसी अब भी पहली मंजिल पर

अलीगंज सीएचसी में नई इमरजेंसी का निर्माण पूरा होने के बावजूद अब तक इसे ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट नहीं किया गया है। फिलहाल इमरजेंसी सेवा पहली मंजिल से संचालित हो रही है, जिससे गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को रैंप के सहारे ऊपर जाना पड़ता है। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नई इमरजेंसी में फिलहाल केवल सैंपल कलेक्शन का काम ही किया जा रहा है।



अंदर की टेबल टूटी हुई

मिलीभगत

आव्या, ऑक्सीजन और कृष्णा लाइफ लाइन अस्पतालों की कमेटी ने की थी जांच

# जांच में लापरवाह मिले अस्पतालों पर विभाग मेहरबान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मरीजों के इलाज में लापरवाही के आरोपों में घिरे कई निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की बजाय विभाग मेहरबान है। जांच में दोषी मिले आव्या, ऑक्सीजन और कृष्णा लाइफ लाइन समेत कई अस्पतालों का संचालन किया जा है।

ठाकुरगंज स्थित ऑक्सीजन हॉस्पिटल में बच्चे की मौत के बाद समिति बनी थी। इस समिति ने जांच में अस्पताल को पहले दोषी ठहराया था। आरोप था कि बच्चे का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में नहीं किया गया। हालांकि अस्पताल संचालक ने कमेटी की रिपोर्ट पर सवाल उठाए, जिसके बाद अधिकारियों ने पुरानी रिपोर्ट को बंद कर नए सिरे से जांच शुरू करा दी। नई जांच कमेटी में तीन सदस्यों को शामिल किया गया है और फिलहाल अस्पताल संचालक को नोटिस देकर बुलाया जा रहा है। आरोप है कि अस्पताल को राहत देने के लिए नई जांच का रास्ता अपनाया गया है।

तेलीबाग स्थित कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल का लाइसेंस सीएमओ ने बीते वर्ष निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद अस्पताल के संचालन की शिकायतें सामने आईं। शिकायतकर्ता सौरभ मिश्रा ने इस मामले की शिकायत की थी। सीएमओ कार्यालय की जांच में अस्पताल बंद होने का दावा किया गया, लेकिन 5 फरवरी 2026 को अपर निदेशक, लखनऊ मंडल के निरीक्षण में अस्पताल खुला मिला। निदेशक उपचार की जांच में यह भी सामने आया कि क्रमांक संख्या 1584 और पंजीकरण संख्या आरएमईई 2111475 दोनों एक ही अस्पताल से जुड़े हैं, जो नियमों के विपरीत है।

### जांच में अवैध, फिर भी नोटिस का खेल

नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह और चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप सिंह ने पिछले माह दुबग्गा क्षेत्र के दस अस्पतालों में छापा मारा था। जांच के दौरान किसी भी अस्पताल में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं मिले। इसके बावजूद विभाग की ओर से केवल नोटिस जारी कर कार्रवाई सीमित रखी गई। जांच में इंप्लस और मां वैष्णो हॉस्पिटल का पंजीकरण भी नहीं मिला था। विभाग ने इन पर जुर्माना लगाने की संस्तुति की थी, लेकिन बिना पंजीकरण के भी मां वैष्णो अस्पताल का संचालन जारी रहा। मामले में विवाद बढ़ने के बाद दोनों अस्पतालों को बंद करने के आदेश दिए गए थे। अब आरोप है कि अधिकारियों द्वारा इन अस्पतालों को नए सिरे से वैध करने की तैयारी की जा रही है। नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह का कहना है कि संचालन पर रोक के बावजूद यदि अस्पताल का संचालन मिलता है तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार,16 मार्च 2026

लखनऊ

न्यूज ब्रीफ

### यादव विकास सेवा संस्थान ने धूमधाम से मनाया होली मिलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के गोमती नगर स्थित विनम्र खंड -3 स्थित सामुदायिक केंद्र में रविवार को यादव विकास सेवा संस्थान की ओर से छठवां होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में लखनऊ और आस-पास के क्षेत्रों से समाज के लोग सपरिवार शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक फाग गीतों और लोक नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। होली खेले बृज में नंदलाल गीत पर फूलों की होली खेली गई। संस्थान के संरक्षक सुरेश यादव, राजकीय निर्माण निगम के पूर्व एमडी आरएन यादव ने इस मौके पर प्रेम के साथ रहने का संदेश देता है। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। अध्यक्ष अमित यादव, महामंत्री राम सजीवन यादव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

### विधायक ने किया होली मिलन का आयोजन

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज क्षेत्र के सत्यशिव रिसॉर्ट में रविवार को भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय लोगों का विधायक अमरेश कुमार रावत व उनके बेटे शुभम रावग ने गुलाल का टीका लगाकर और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल और भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने मंच पर फूलों की होली खेलकर उत्साह बढ़ाया।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए 52 महिलाएं सम्मानित

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज के डीएलएफ गार्डेन सिटी में स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में रविवार को नारी शक्ति सम्मान समारोह व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 52 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन व सांसद एसपी सिंह तथा मुख्य प्रशासिका व पूर्व एमएलसी कांति सिंह ने महिलाओं को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान "महिला सशक्तिकरण एवं वित्तीय साक्षरता" विषय पर एक पैनल डिस्कशन भी आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता, शिक्षा और आर्थिक जागरूकता पर अपने विचार साझा किए।

# नकल की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

## अभ्यर्थियों से रकम लेकर ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कराने का लिया था ठेका, एसटीएफ ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

एसआई भर्ती परीक्षा



गिरफ्तार आरोपी अनुज

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा व नकल कराने की साजिश को एसटीएफ ने नाकाम कर दिया। मेरठ यूनिट की टीम ने मथुरा के राया थाना स्थित शिवपुरी रजनी लाइब्रेरी के पास से गिरोह के एक सदस्य को शनिवार देर रात दबोच लिया। गिरफ्तार युवक अनुज कुमार है। वह मथुरा के हवेली का रहने वाला है। उसके पास से मोबाइल, भर्ती के दो प्रवेश पत्र, अन्य परीक्षाओं के चार प्रवेश पत्र, आठ व्हाट्सएप चैट व सामान्य ज्ञान की पुस्तक बरामद हुई है। एसटीएफ के मुताबिक यह गिरोह अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूलकर ब्लूटूथ डिवाइस से परीक्षा पास कराने का लालच देकर ठगी कर रहा था।

एसटीएफ मेरठ यूनिट के एएसपी बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक सूचना मिली थी कि ग्राम हवेली निवासी अनुज कुमार अभ्यर्थियों से ठगी करने और नकल की सेटिंग करने के लिए कस्बा राया में अपने साथी से मिलने आने वाला है। इस सूचना पर टीम ने तुरंत कार्रवाई की और बलदेव रोड स्थित रजनी लाइब्रेरी के पास घेराबंदी कर अनुज कुमार को दबोच लिया, जबकि उसका मुख्य साथी गोपाल रावत भागने में सफल रहा। इस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**नकल करते दो अभ्यर्थी गिरफ्तार :** यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लिंक रोड स्थित परीक्षा केंद्र पर दो अभ्यर्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। दोनों एक-दूसरे की ओएमआर शीट बदलकर परीक्षा दे रहे थे। मामले का खुलासा कैमरों की निगरानी में हुआ। परीक्षा केंद्र प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रधानाचार्य की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई थी। करीब 11:40 बजे परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी अभिषेक निवासी किशनपुर बराल थाना रमाला, जिला बागपत और रोबिन खोखर निवासी मोहल्ला बंगला छपरौली, जिला बागपत को ओएमआर शीट बदलकर नकल करते हुए पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि अभिषेक मुरादाबाद की 24वीं बटालियन पीएसी में तैनात है। वहीं, रोबिन खोखर बिजनौर में एक न्यायिक अधिकारी के यहां कार्यरत है। परीक्षा केंद्र की प्रभारी एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अनीता सिंह की तहरीर पर शहर कोतवाली में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया।

### 22 लाख में एसआई बनाने का करार

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक पूछताछ में आरोपी अनुज ने कई खुलासे किये। उसने बताया कि गिरोह का मुख्य मास्टर माइंड गोपाल रावत है। गिरोह के एक अभ्यर्थी से परीक्षा में पास कराने के लिए 22 लाख रुपये सौदा तय किया गया था। सौदा होने के बाद परीक्षा से पहले 3 लाख रुपये एडवांस लिये जाते थे। बाकी रकम परीक्षा पास होने के बाद ली जाती थी। सुरक्षा के तौर पर यह गिरोह अभ्यर्थियों के असली मार्कशीट, ब्लैंक चेक और एक शपथ पत्र भी अपने पास रख लेता था।

### ब्लूटूथ के जरिए बताते जवाब

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि गिरोह का प्लान परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को छोटे ब्लूटूथ डिवाइस उपलब्ध कराना था। पुलिस के मुताबिक, गिरोह के लोग परीक्षा केंद्र के बाहर बैठकर पेपर हल करते और ब्लूटूथ के जरिए अभ्यर्थियों को जवाब बताते। एसटीएफ ने आरोपी के पास से एक स्मार्ट फोन बरामद किया है, जिसमें कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, व्हाट्सएप चैट और लेनदेन का पूरा ब्योरा मिला है। फोन से अन्य परीक्षाओं के भी 6 एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं। एसटीएफ के मुताबिक अनुज कुमार, गोपाल रावत व उसके अन्य साथियों के खिलाफ थाना राया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। फरार मास्टर माइंड गोपाल की तलाश में दबिश दी जा रही है। गिरोह के नेटवर्क के बारे में कुछ जानकारी मिली है। उसके आधार पर नेटवर्क तोड़ने पर काम किया जा रहा है।

**तीन दिन में पांच भेजे गए जेल :** यूपी एसआई भर्ती परीक्षा 14 व 15 मार्च को आयोजित की गई। नकल व पेपर लीक कराने वाले गिरोहों पर एसटीएफ, यूपी पुलिस व अन्य एजेंसियां लगातार निगरानी कर रही थी। पिछले तीन दिन के अंदर एसटीएफ व यूपी पुलिस की टीम ने तीन स्थानों पर छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें आगरा से बीबीए छात्र आयुष बघेल को गिरफ्तार किया। वह आगरा के इंजीनियर्स कालोनी का रहने वाला है और साल्वर गिरोह का सदस्य है। वहीं, एसटीएफ की टीम ने राजस्थान के सवाई माधौपुर राजस्थान में छापेमारी कर सुमित मीना उर्फ लोडा, शाहिल ओर साजिद को गिरफ्तार किया। तीनों सवाई माधौपुर के रहने वाले हैं। इसके बाद शनिवार देर रात को मथुरा में छापेमारी कर अनुज कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# मथुरा व आगरा से राजस्थान तक फैला ठगी गिरोह का जाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ की टीम सॉल्वर, पेपर लीक और नकल कराने वाले गिरोह की खंगाल रही कुंडली
- परीक्षा के दौरान सबसे बड़ी गिरफ्तारी राजस्थान के सवाई माधौपुर से हुई

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोहों के पांच सदस्य दबोचे गए हैं। एसटीएफ की कार्रवाई में सामने आया कि गिरोह का नेटवर्क मथुरा, आगरा व राजस्थान में फैला है। सहारनपुर में दो सिपाही भी पकड़े गए हैं। एसटीएफ व साइबर क्राइम की टीम गिरोहों के सदस्यों की तलाश में दबिश दे रही है। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि वायरल किए गए प्रश्नपत्र फर्जी थे और इनका उद्देश्य केवल ठगी करना था।

परीक्षा के पहले से ही एसटीएफ, साइबर थानों और यूपी पुलिस की टीमें जालसाजों पर नजर रखे थीं। टेलीग्राम एप, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म की भी निगरानी की जा रही थी। इसी में जानकारी मिली की टेलीग्राम पर चैनल बनाकर अभ्यर्थियों को 20 हजार रुपये में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी की जा रही है। रुपये यूपीआई व क्यूआर कोड से लिए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से लखनऊ के हुसैनगंज थाने में सात एफआईआर दर्ज कराई गईं। इसके बाद एसटीएफ ने आगरा से मुख्य आरोपी बीबीए छात्र आयुष बघेल के अलावा राजस्थान के सवाई माधौपुर से सुमित मीना उर्फ लोडा, शाहिल ओर साजिद को गिरफ्तार कर लिया। तीनों सवाई माधौपुर के रहने वाले हैं। शनिवार देर रात मथुरा से अनुज कुमार को दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार एक मामले में करीब 1.19 लाख रुपये का लेन-देन सामने आया है। कुल मिलाकर आरोपी को लगभग तीन लाख रुपये मिल चुके हैं।

### राजस्थान सीमावर्ती जिलों पर विशेष निगरानी

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक तीनों गिरोह राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से जुड़े हैं। आगरा और राजस्थान के गिरोह ने पेपर लीक कराने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की। मथुरा के राया थानाक्षेत्र में पकड़ा गया गिरोह नकल व नौकरी दिलाने के नाम पर 22 लाख रुपये सौदा करता था। सहारनपुर से दो सिपाही नकल करते दबोचे गए। एक सिपाही पीएसी तो दूसरा एक न्यायिक अधिकारी की सुरक्षा में तैनात है।




प्रयागराज में आयोजित 'सरस महोत्सव' में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को चेक प्रदान करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

## सरस महोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सौंपे चेक

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रयागराज में आयोजित 'सरस महोत्सव' के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए और उनके स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने रविवार को विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है और ऐसे आयोजन स्थानीय हुनर को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद कुमार विंद सूंम समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## रक्षा मंत्री ने वरिष्ठ नेताओं के साथ व्यंजनों का उठाया लुत्फ

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ प्रवास के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला के विवेक खंड 3 गोमती नगर स्थित आवास पहुंचे। उनके साथ उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और पार्टी के पदाधिकारियों ने चौक, राजा बाजार की मशहूर दुकानों में गाय के दूध से तैयार लखनऊ का मशहूर मक्खन मलाई, दूध की बर्फी, मट्ठा, मलाई गिलौरी और चाट का लुत्फ उठाया। रक्षा मंत्री ने डॉ. राघवेंद्र शुक्ला की माता निर्मला शुक्ला, पत्नी डॉ. शील शुक्ला, भाई रवींद्र शुक्ला, भतीजी अर्शिता शुक्ला, डॉ. शशि शेखर से मुलाकात की। इस अवसर पर गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉ. बीएन सिंह, महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, कार्यकारी महासचिव कर्नल एएन पांडे, सचिव संजय निगम, सीजी नायर, संगठन सचिव अभिनव शुक्ला, परमहंस जनकल्याण समिति के कोषाध्यक्ष आरडी चौबे ने रक्षा मंत्री को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ नीरज सिंह, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, पार्षद अनुराग मिश्रा, राजीव दीक्षित उपस्थित रहे।

### यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव का आयोजन 30 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** द फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से आगामी 30 और 31 मार्च को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव- 2026 का आयोजन किया जाएगा। फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने बताया कि यह दो दिवसीय यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव सिनेमा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक संवाद को समर्पित होगा। जिसमें देश-विदेश के फिल्मकार, निर्देशक, कलाकार, निर्माता और सांस्कृतिक जगत से जुड़े कई प्रमुख लोग भाग लेंगे। कॉन्क्लेव में फीचर फिल्म, शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री फिल्म जैसी श्रेणियों पर विशेष फोकस रहेगा। कार्यक्रम के दौरान फिल्म स्क्रीनिंग, पैनल चर्चा और फिल्म उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों के साथ कई महत्वपूर्ण आयोजन किए जाएंगे।

## छत्रपति शिवाजी के नाम पर एक हजार एकड़ में पार्क बनाया जाएगा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार के समय आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर देश का सबसे बड़ा संग्रहालय बनाया जा रहा था, जिसकी लागत करीब 300 करोड़ रुपये थी, लेकिन भाजपा सरकार ने उस परियोजना को रोक दिया। और फिर कहता हूं कि अगर उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनती है तो छत्रपति शिवाजी के नाम पर एक हजार एकड़ में विशाल पार्क बनाया जाएगा।



- भाजपा राजनीतिक दल नहीं बल्कि गैंग

सपा प्रमुख ने महाराष्ट्र में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा कोई राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक गैंग की तरह काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को उप्र. में छत्रपति शिवा जी के नाम से बनी परियोजना के लिए सहयोग करना चाहिए था। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर अखिलेश यादव ने इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग, भाजपा और प्रशासन की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर धांधली की साजिश की गई और वोट कटवाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि सपा पीड़ित, दुखी और अपमानित लोगों को एकजुट कर रही है। इसी उद्देश्य से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की अवधारणा को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## 14 महीनों से अटकी आयुष डॉक्टरों की भर्ती, इंटरव्यू की तारीख का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 21 पदों के लिए 2200 आवेदन, स्क्रीनिंग के बाद 420 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों की आयुष यूनिटों में डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया पिछले 14 महीनों से अधर में लटकी हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 21 आयुर्वेद डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए आवेदन और स्क्रीनिंग की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक इंटरव्यू की तारीख तय नहीं हो सकी है। इससे अभ्यर्थियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

जिले में आयुष डॉक्टरों के 21 पदों के लिए बीते वर्ष आवेदन आमंत्रित किए गए थे। 7 जनवरी 2025 तक आवेदन प्रक्रिया पूरी करा ली गई थी, जिसमें करीब 2200 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इस तरह एक पद के लिए औसतन 100 से अधिक उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा है। आवेदनों की अधिक संख्या को देखते हुए विभाग ने मेरिट के आधार पर छंटनी की और स्क्रीनिंग के बाद 420 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया। पिछले महीने सीएमओ कार्यालय में अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच भी पूरी कर ली गई थी। इसके बाद अंतिम निर्देशों के लिए फाइल एनएचएम मुख्यालय भेजी गई, लेकिन डेढ़ महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद वहां से कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी से अभ्यर्थी लगातार सीएमओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि, उन्हें फाइल मुख्यालय में लंबित होने की बात कहकर वापस भेज दिया जाता है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जल्द ही इंटरव्यू की तिथि घोषित कर दी जाएगी।

## बेकाबू बुलेट की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत

संवाददाता, माल



अंकिता

- मां के साथ खेत से लौट रही थी बच्ची
- सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ललई खेड़ा गांव में ब्रह्मदेव बाबा स्थान के पास रविवार शाम मां के साथ खेत से लौट रही मासूम को बुलेट बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौत हो गयी। बेटी को खून से लथपथ देख मां ने शोर मचाया। बच्ची को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

ललई खेड़ा गांव निवासी दिनेश मौर्य सब्जी विक्रेता है। रविवार को दिनेश माल की बाजार सब्जी बेचने गया था। पत्नी राधा मौर्य मंझली बेटी अंकिता (05) के साथ घर से करीब आधा किलोमीटर दूर खेत गई थी। शाम करीब छह बजे मां-बेटी घर वापस लौट रहे थे। बेटी आगे-आगे चल रही थी। गांव में ही स्थित ब्रह्मदेव बाबा स्थान के पास बेकाबू बुलेट ने मासूम अंकिता को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से अंकिता उछलकर दूर सड़क पर जा गिरी। हादसा देख मां चिल्लाते हुए दौड़ी। मां को आता देख बुलेट सवार फर्राटा भरते हुए भाग निकला। सूचना पर पहुंचे परिजन ने ग्रामीणों की मदद से मासूम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अंकिता को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि परिवार में मां राधा मौर्य, डेढ़ साल की छोटी बहन कृशिका व बड़ी बहन अक्षिता (06) है। हादसे के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

मासूम अर्नव हत्याकांड | आरोपी के भाई के विरोध पर मोहल्लेवाले बोले- तब कहां थे, जब बच्चा टॉर्चर किया जाता था

## हत्यारोपी दंपति के घर पर नाराज लोगों ने की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अर्नव का फाइल फोटो

**अमृत विचारः** चौक के लाजपत नगर इलाके में चार वर्षीय अर्नव को मौत की नींद सुलाने वाले हत्यारोपी पिता भीष्म खरबंदा और सौतेली मां रागिनी के खिलाफ मोहल्लेवालों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को मोहल्लवालों ने हत्यारोपी के घर के बाहर तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ देख आरोपी का भाई व अन्य परिजन के विरोध करने पर स्थानीय लोगों से तीखी बहस हुई। मोहल्लेवाले बोले कि उस समय कहां थे? जब मासूम अर्नव को महीनों से टॉर्चर किया जा रहा था। वहीं, मोहल्ले के मंदिर में मासूम अर्नव की आत्मा की शांति के लिए स्थानीय लोगों ने पाठ भी कराया।

स्थानीय लोगों में अर्नव की हत्या को लेकर काफी गुस्सा है। गुस्साए लोग रविवार को आरोपी के घर के बाहर पहुंचे। लोगों ने आरोपी दंपति के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घर के बाहर तोड़फोड़ की। सभी साइनबोर्ड लोगों ने तोड़कर सड़क पर फेंक दिए। हंगामा व तोड़फोड़ देख आरोपी भीष्म का भाई देवेश घर के बाहर आकर विरोध करने लगा। जिसके चलते लोगों का गुस्सा और भड़क गया। स्थानीय महिलाओं और लोगों की देवेश की काफी देर तक नोकझोंक हुई। मोहल्लेवालों ने देवेश व उसके परिजन को खूब बेइज्जत किया।

बताते चलें कि लाजपत नगर निवासी अधिवक्ता भीष्म ने दूसरी पत्नी रागिनी के साथ मिलकर मासूम अर्नव की बेरहमी से पीटकर 12 मार्च को हत्या कर दी थी। आरोपी बीमारी से मौत की कहानी गढ़ते रहे। नानी सुधा ने बच्चे के कपड़े उतारे तो शरीर में कई गंभीर घाव थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने नानी सुधा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जेल भेजने से पहले साक्ष्य संकलन व बरामदगी के लिए आरोपी दंपति को लेकर घर पहुंची पुलिस को मोहल्लेवालों ने घेर लिया था।

### मोहल्लेवालों ने कराया शांति पाठ

मासूम अर्नव की हत्या से पूरा मोहल्ला सकते में है। हर किसी की जुबान पर सिर्फ अर्नव की बात है। मोहल्लेवाले बोले चार साल का मासूम ने जो दंश झेला है, उसे सुनकर ही दिल पसीज जाता है। मोहल्ले के लोगों ने रविवार को स्थानीय संतोषी माता मंदिर में बच्चे की आत्मा की शांति के लिए पाठ कराया। काफी संख्या में मोहल्ले के लोग शांति पाठ के लिए एकत्र हुए थे। लोगों ने नम आंखों के साथ मासूम की फोटो के सामने फूल अर्पित किए।

### मंदिर आता तो अर्नव को गोद में रखता था पिता

मोहल्ले में बने मंदिर के पुजारी सुंदरम उपाध्याय ने बताया कि भीष्म बच्चे के साथ कभी कभार मंदिर आता था। कभी ऐसा नहीं लगा कि भीष्म और उसकी दूसरी पत्नी रागिनी चार साल के अर्नव को टॉर्चर करते थे। हमेशा गोद में रखता था। एक बार मंदिर लेकर आया तो नीचे उतारा, लेकिन मासूम बैठ नहीं पाया। जब घटना की जानकारी हुई तक समझ में पाया कि बच्चा दर्द के चलते बैठ नहीं पा रहा था। पुजारी का कहना है कि कोई पिता इतनी निर्दयीय कैसे हो सकता है।

### श्रीकृष्ण की लीलाओं के प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**अमृत विचार, निगोहां :** कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में रविवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा में काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री नरेन्द्रानंद जी महाराज की पावन उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया। कथा व्यास एवं कुंडली विशेषज्ञ आचार्य दुर्गेश अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान आचार्य दुर्गेश अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल से लेकर उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।

## जिले के 100 तालाबों की बदलेगी सूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्लास्टिक मुक्त मॉडल बनाने के लिए तालाब चिह्नित

**अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग ने ग्रामीण इलाकों में नाली, कूड़ा और प्लास्टिक अपशिष्ट से पटे 100 तालाब चिह्नित किए हैं, इन तालाबों का जीर्णोद्धार करके मॉडल बनाएगा।। यह तालाब स्वच्छता के साथ जल संरक्षण को बढ़ावा देंगे। नये वित्तीय वर्ष 2026-27 में इन तालाबों पर कार्य कराए जाएंगे। पंचायती राज विभाग ने सभी विकास खंड से कार्ययोजना मांगी है।

''मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी'' के तहत पायलट प्रोजेक्ट में मलिहाबाद, मोहनलालगंज, सरोजनी नगर, बीकेटी, गोसाईगंज, माल, काकोरी व चिनहट से 100 तालाब चिह्नित किए गए हैं। जहां स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत तालाब स्वच्छ करके संरक्षित किए जाएंगे। पहले चरण में पांच हजार से अधिक आबादी वाली 12 से 13 ग्राम पंचायत से एक-एक तालाब चयनित किए जाएंगे। इनमें नालियों का प्रवाह या फिर गंदे पानी का जमाव रोका जाएगा। तालाब व उसके आसपास कूड़ा व प्लास्टिक अपशिष्ट फेंकने व डंप पर रोक लगाई जाएगी। नालियों का पानी फिल्टर चेंबर के माध्यम से साफ करके छोड़ा जाएगा। बड़े तालाबों में वेस्ट स्टेबलाइजेशन पॉन्ड बनेंगे।

न्यूज ब्रीफ

## छह जोड़ों में कराया सुलह-समझौता

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में 06 परिवारों के आपसी विवाद का निपटारा कर सुलह-समझौता कराकर एक साथ रहने को राजी किया गया। इस दौरान 06 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करने में जरीना खातून पत्नी वकील निवासी चारियनवा थाना और जनपद सिद्धार्थनगर, नेहा पत्नी अर्जुन निवासी महादेवा लाला थाना उसका बाजार, ललिता पत्नी शिवा निवासी बैजनाथपुर थाना व सिद्धार्थनगर, सरिता पत्नी राजमन निवासी डिडई थाना शिव नगर डिडई, हसीना पत्नी मतीउल्लाह निवासी रतनपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर, अंजलि पत्नी महेश निवासी कृष्णा नगर थाना थीं।

## गैस वितरण में भेदभाव का लगाया आरोप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला संरक्षक अरविन्द कुमार शुक्ला ने गैस सिलेण्डर की उपयोग अवधि के मानकों को लेकर सरकार की नीतियों पर कड़े सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने सरकार से पूछा है कि क्या एक गैस सिलेण्डर वास्तव में 45 दिनों तक चल सकता है? श्री शुक्ला ने सरकार की दोहरी नीति पर प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान मानकों में शहर के लिए 25 दिन और गांव के लिए 45 दिन की अवधि तय की जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या एक ही सिलेण्डर शहर में 25 दिन और गांव में 45 दिन चलेगा? शहर और गांव के उपभोक्ताओं के बीच इस तरह का भेदभाव क्यों किया जा रहा है? क्या ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की जरूरतों को कमतर आंका जा रहा है? उन्होंने कहा कि आखिर गांवों के साथ इस तरह का सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है।

# प्रेमी ने की थी आर्केस्ट्रा डांसर की हत्या

## 11 मार्च को पुलिया के नीचे मिला था शव, प्यार में धोखा मिलने पर दिया वारदात को अंजाम

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रविवार को आर्केस्ट्रा डांसर की हत्या का खुलासा करते हुए उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मृतका का हैंडबैग, कपड़े, श्रृंगार के सामान, दो जोड़ी जूते, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, घटना में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार प्रेम संबंध में अविश्वास और शक के कारण आरोपी ने ही युवती की गला दबाकर हत्या कर दी थी।


हत्याकांड का खुलासा करते एसपी संदीप कुमार मीना व पकड़ा गया आरोपी युवक।

एसपी संदीप कुमार मीना ने बताया कि 11 मार्च की शाम मोहद्दीपुर के पास मैलानी नहर की पुलिया के नीचे एक अज्ञात युवती का शव मिला था। 13 मार्च को शव की पहचान बस्ती जिले के लालगंज क्षेत्र के रैने गांव निवासी 22 वर्षीय सुमन पुत्री रामसहाय गौड़ के रूप में हुई। मृतका की मां झिनका देवी और पिता रामसहाय गौड़ ने शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या व शव छिपाने के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। मामले के खुलासे के लिए कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाल जय प्रकाश दूबे और एसओजी प्रभारी अजय कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने अजगईबार घाट के पास से आरोपी बबलू चौहान पुत्र हरहंगी महतो निवासी बसौनापुर थाना गोपालपुर, जिला गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सुमन उसकी प्रेमिका थी और दोनों करीब आठ माह से बनकटिया के पास किराये के कमरे में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। सुमन के बार-बार फोन पर बात करने को लेकर उसे शक होने लगा था। इसी को लेकर उसने हत्या की योजना बना ली। आरोपी के मुताबिक 5 मार्च को सुमन अपने घर से उसके पास आई थी। 6 मार्च की शाम दोनों सहजनवां के पास एक तिलक कार्यक्रम में डांस करने गए। 7 मार्च की भोर में कार्यक्रम से लौटते समय वह बाइक से सुमन को लेकर बनकटिया स्थित कमरे पर जा रहा था। इसी दौरान खलीलाबाद क्षेत्र के मोहद्दीनपुर नहर पुलिया के पास सुनसान जगह देखकर उसने सुमन का गला दबा दिया। जमीन पर गिरने के बाद भी उसने पैर से दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को नहर पुलिया के नीचे फेंक दिया और सुमन का बैग कुछ दूरी पर फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी ने इस मिस्ट्री मर्डर का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

# बस में हाईटेंशन तार टकराने से युवक की मौत, तीन लोग झुलसे

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- शव यात्रा लेकर जा रही बस 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार के संपर्क में आई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र चिल्हियां में रविवार अपराह्न एक बस हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई, जिससे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीन अन्य गम्भीर रूप से झुलस गये। बस शव लेकर अयोध्या जा रही थी। इसी दौरान करौंदा नानकार गांव के पास मां गायत्री इन्टर कॉलेज के पास भयंकर हादसा हो गया। चिल्हियां थाना क्षेत्र के लखनपारा गांव निवासी राम नरेश का शव लेकर परिजन और ग्रामीण बस से अयोध्या जा रहे थे। रविवार अपराह्न करीब 2 बजे बस चिल्हियां थाना क्षेत्र के करौंदा नानकार गांव के पास पहुंची। सूत्रों द्वारा बताया गया कि सामने से आ रहे एक चार पहिया वाहन को साइड देने के प्रयास में चालक ने बस को सड़क की पटरी पर उतार दिया। सड़क से नीचे उतरते ही बस का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार से टकरा गया। तार के संपर्क में आते ही बस में करन्ट दौड़ गया, जिससे उसमें सवार यात्री इसकी चपेट में आ गये। हादसे में 60 वर्षीय श्याम सुन्दर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राम आजोर साहनी, जगदीश और बस का कंडक्टर गम्भीर रूप से झुलस गये। घायलों की हालत गम्भीर बनी हुई है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़. मयंक द्विवेदी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर हादसे में तीन लोगों के गम्भीर रूप से झुलसे घायलों को उपचार के लिए माधव प्रसाद तिवारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जबकि मृतक 60 वर्षीय श्याम सुन्दर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गरीबों की सेवा ही कांशीराम के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. ओमप्रकाश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बहुजन कांशीराम की जयन्ती के अवसर पर वीपी मेमोरियल हॉस्पिटल में जिला कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ0 ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर लगभग 50 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ0 ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी जयन्ती के अवसर पर जरूरतमन्द लोगों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जाते रहेंगे।निःशुल्क चिकित्सा कैम्प में डा. ओमप्रकाश श्रीवास्तव के साथ डा. अजय मिश्रा, डॉ. एन. तिवारी, डॉ खुर्शीद आलम ने मरीजों का स्वास्थय परीक्षण किया।

# टीवी कलाकारों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचारः** राम मंदिर निर्माण होने के बाद से फिल्म जगत की कई चर्चित हस्तियों को भी अयोध्या नगरी पसंद आने लगी है। इसी क्रम में रविवार को लोकप्रिय धारावाहिक में किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सोमा राठौड़ अयोध्या पहुंचीं। उनके साथ फिल्म अभिनेता किशोर भानुशाली भी मौजूद रहे। इसके अलावा मशहूर अभिनेता प्रेम चोपड़ा के हमशक्ल के रूप में पहचाने जाने वाले विश्वजीत सोनी, कॉमेडियन नवीन प्रभाकर और अभिनेत्री दिव्या भी रामलला के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचीं। सभी कलाकारों ने रामलला के दरबार में माथा टेककर देश की खुशहाली और शांति की कामना की।

# नये विद्युत सबस्टेशन के लिए भेजें प्रस्ताव : सांसद

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक करते डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल व अन्य जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के विकास कार्यों की प्रगति एवं ग्रीष्म ऋतु में सुचारू विद्युत आपूर्ति हेतु मार्गदर्शक बैठक सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में विधायक इटवा/नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

बैठक में सांसद ने जनपद के विधानसभा बांसी के अन्तर्गत खेसरहा, विधानसभा इटवा के अन्तर्गत लोटा खुनियांव, विधानसभा शोहरतगढ़ के अन्तर्गत कठेला तथा विधानसभा कपिलवस्तु के अन्तर्गत सोहांस खास में नये विद्युत सबस्टेशन बनाये जाने के लिए प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा। भवानीगंज में सड़क पर लगे ट्रान्सफार्मर को अलग शिफ्ट करने का निर्देश दिया। कहा कि विधायकों ने जो भी प्रस्ताव दिये है उन्हें बिजनेसप्लान में शामिल कर कार्य पूर्ण कराये। सांसद निधि एवं विधायक निधि से दी गई धनराशि से 01 माह के अन्दर टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण कराकर निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कराये। इसके साथ आरडीएसएस योजना अन्तर्गत जनपद में जर्जर तार बदलने तथा ट्रान्सफार्मर क्षमता वृद्धि के जो भी कार्य अवशेष है उन्हें निर्धारित समय में पूर्ण कराये। लकड़ी के पोल पर विद्युत सप्लाई नही होना चाहिए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 1175 कार्य का प्रस्ताव हुआ है। स्मार्ट मीटर की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद 1.60 लाख स्मार्ट मीटर लग गये है। सांसद ने निर्देश दिया कि जहां पर स्मार्ट मीटर लगना है वहां पर 30 प्रतिशत तार बदला जाना है, उक्त कार्यों को पूर्ण कराएं। मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता तथा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि रेन्डम 10-10 की जांच करें।

# बेटे ने खुरपे से हमला कर पिता को किया घायल, हालत गंभीर

संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के अतरौरा गांव में शनिवार रात घरेलू विवाद हिंसक हो गया। गुस्से में आए बेटे ने खुरपे से हमला कर अपने ही पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

अतरौरा गांव निवासी 30 वर्षीय रविंद्र यादव का शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे किसी बात को लेकर अपने 70 वर्षीय पिता बालक यादव से विवाद हो गया। पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि गुस्से में आकर रविंद्र ने घर में रखे खुरपे से पिता पर हमला कर दिया। उसने उनके सिर और कमर पर कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए।घटना के बाद आरोपी रविंद्र मौके से फरार हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायल बुजुर्ग को संभाला। ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी।

# निजी अस्पताल में नवजात की मौत

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मेंहदावल क्षेत्र में संचालित एक निजी अस्पताल में प्रसूता का ऑपरेशन करने के बाद नवजात की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल पर समय से पहले ऑपरेशन करने और पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधा न होने का आरोप लगाते हुए सीओ मेंहदावल को पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

बेलहर कला निवासी राम प्रकाश राय ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी गर्भवती पत्नी सावित्री राय को अचानक पेट में तेज दर्द होने पर मेंहदावल स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। आरोप है कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने प्रसव पीड़ा अधिक होने और सामान्य डिलीवरी संभव न होने की बात कहकर तत्काल ऑपरेशन कराने की सलाह दी। डॉक्टर की बातों से घबराकर परिजनों ने ऑपरेशन के लिए सहमति दे दी। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के बाद एक पुत्र का जन्म हुआ, लेकिन करीब पांच मिनट बाद डॉक्टर ने बताया कि नवजात के मुंह में गंदा पानी चला गया है और उसकी हालत गंभीर है। इसके बाद उसे तत्काल आईसीयू की जरूरत बताते हुए रेफर कर दिया गया। परिजन नवजात को पहले खलीलाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे गोरखपुर के एक अस्पताल भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित राम प्रकाश राय का आरोप है कि डॉक्टर ने पहले प्रसव की संभावित तिथि पांच अप्रैल बताई थी। ऐसे में समय से पहले ऑपरेशन करने और अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था न होने के कारण उनके बच्चे की जान चली गई। उनका कहना है कि अस्पताल में नवजात की देखभाल और आपातकालीन चिकित्सा सुविधा भी पर्याप्त नहीं थी। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर श्री शंकर ऑर्थो एंड मेटरनिटी सेंटर, डॉ. रूपम मिश्रा तथा लक्ष्मीनाथ मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# घरेलू कलह से परेशान महिला ने बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदने की कोशिश की

संवाददाता, संतकबीरनगर

- राहगीर की सतर्कता से टली अनहोनी, तीनों को कोतवाली पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में पुराना आरटीओ कार्यालय के सामने स्थित ट्रैक पर घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने अपने दो बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि समय रहते एक राहगीर की सतर्कता से तीनों की जान बच गई। राहगीर महिला और बच्चों को अपने साथ लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

सहजनवां क्षेत्र के भीटी रावत गांव निवासी सुभाष वर्मा अपनी जमीन देखकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुराना आरटीओ कार्यालय के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे उन्होंने एक महिला को अपने दो बच्चों के साथ गुजरती ट्रेन के सामने कूदने की कोशिश करते देखा। सुभाष वर्मा ने तत्काल दौड़कर महिला और दोनों बच्चों को पकड़ लिया और अनहोनी होने से बचा लिया। इसके बाद वह तीनों को लेकर सीधे कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब चार वर्ष पहले कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के दशहरा गांव निवासी एक व्यक्ति से हुई थी। उसका मायका गोडही-बनकटवा गांव में है। महिला का आरोप है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। शनिवार की रात सौतेली बेटी को खाना खाने के लिए डांटने पर पति नाराज हो गया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसने महिला और उसके दोनों बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया। महिला ने बताया कि रात भर वह किसी तरह गांव के प्रधान के घर शरण लेकर रही। रविवार सुबह वह शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची थी, जहां पुलिस ने उसे समझाकर घर जाने की बात कही।

# 1072 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जनपद में दो दिवसीय उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) भर्ती-2026 की लिखित परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों में 3248 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि 1072 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों दिनों में सात परीक्षा केंद्रों पर चार पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 8424 में से 6143 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि, 2197 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से नकल या अन्य गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम आलोक कुमार, एसपी संदीप कुमार मीना, एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश तथा एएसपी सुशील कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। जिले में यह परीक्षा एचआर इंटर कॉलेज खलीलाबाद, एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद, नेहरू कृषक इंटर कॉलेज खलीलाबाद, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद, संतकबीर आचार्य रामविलास इंटर कॉलेज मगहर तथा पीबी गर्ल्स इंटर कॉलेज खलीलाबाद में आयोजित की गई। शनिवार को पहले दिन दोनों पालियों में कुल 4320 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिनमें से 3195 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 1125 अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 2160 में से 1603 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 557 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2160 में से 1592 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 568 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। रविवार को दूसरे दिन भी दो पालियों में परीक्षा हुई। पहली पाली में 2160 में से 1603 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 557 अनुपस्थित रहे।

# उपभोक्ता बुकिंग कराकर लें घरेलू गैस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में एलपीजी गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिले में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं इस सम्बन्ध में उत्तमा गैस एजेंसी हुसेनगंज की शान्ती देवी ने बताया कि गैस एजेंसी पर गैस की दिक्कत नहीं है। उपभोक्ता गैस बुकिंग कर एजेंसी से गैस आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। जो लोग केवाईसी नहीं कराये है, आफिस पर आकर केवाईसी करवाकर गैस ले लें, एजेंसी पर पर्याप्त मात्रा मे सिलेण्डर आ रहा है और प्रशासन की देख-रेख मे वितरण हो रहा है।

# सुरक्षा मानकों का कड़ाई से किया जाए पालन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद में आमजन को गैस आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा उत्तमा गैस सर्विस का निरीक्षण किया गया।


गैस एजेंसी का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी। अमृत विचार

- डीएम ने गैस एजेंसी का किया आकस्मिक निरीक्षण

जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया। गैस सिलेंडरों के भंडारण स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि गैस एजेंसियों पर सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा उनकी कार्यशीलता की भी जांच की और निर्देश दिया कि सभी उपकरण हमेशा कार्यशील स्थिति में रखें जाएं। जिलाधिकारी ने एजेंसी में उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, जैसे प्रतीक्षालय, पेयजल, शिकायत पंजी तथा वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। यदि ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गैस वितरण से संबंधित अभिलेखों की जांच की और उपभोक्ताओं की बुकिंग, डिलीवरी एवं स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों को अद्यतन रखा जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं से भी जिलाधिकारी ने बातचीत की और गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

आयोजन

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने रोजा इफ्तार में लिया हिस्सा, कहा

# रोजा इफ्तार से मजबूत होती है हिन्दू-मुस्लिम एकता

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद के नगर पंचायत बढ़नी में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' के संयोजन में शनिवार को 'रोजा इफ्तार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रोजा इफ्तार कार्यक्रम में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।


रोजा इफ्तार में प्रतिभाग करते नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि रोजा इफ्तार जैसे कार्यक्रम हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी आयोजनों से समाज में नफरत फैलाने वाली सियासी ताकतों को मुंह की खानी पड़ती है। समाजवादी पार्टी सदैव इस कोशिश में रहती है कि सदियों पुरानी एकता और भाईचारे का पैगाम जन-जन तक पहुंचे। एकता व भाईचारे के मिसाल देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने क्षेत्र में रसोई गैस (एलपीजी) की भारी किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आम आदमी परेशान हैं और गैस एजेंसियों पर लम्बी कतारें लगी हैं, जिससे जनता त्रस्त है। गैस की कमी के कारण कई होटल और रेस्टोरेंट भी या तो बन्द हो गये हैं या बंउद होने की कगार पर हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठा प्रचार कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है, जबकि हकीकत में कमर्शियल गैस की सप्लाई पूरी तरह ठप है। पूर्व विधायक प्रत्याशी सर्जन डॉ0 सरफराज अंसारी ने शनिवार को शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बढ़नी में मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' के दावत-ए-इफ्तार में शिरकत होते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में आपसी भाईचारे, मोहब्बत और सौहार्द का खूबसूरत माहौल देखने को मिला है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और आपसी सद्भाव को और मजबूत करते हैं।

# मेला विशेष गाड़ी का होगा संचलन



**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा मतुआ समाज महा मेला-2026 के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए 05030/05029 काठगोदाम-ठाकुरनगर-काठगोदाम वाया गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी का संचलन काठगोदाम से 15 मार्च को तथा ठाकुरनगर से 18 मार्च को किया जायेगा। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

# गोरखपुर स्टेशन पर यात्रियों को मिलेगी रेलगाड़ियों की सटीक व पारदर्शी सूचना

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखपुर जं. स्टेशन पर ट्रेन स्थिति प्रदर्शन प्रणाली के डिजिटलीकरण के लिए एक 'इन-हाउस वेब एप्लीकेशन' का विकास किया गया है, जिसे बिना किसी अतिरिक्त व्यय के तैयार किया गया है। इस पहल के अंतर्गत पूछताछ काउंटर पर मैन्युअल रूप से अद्यतन किये जाने वाले व्हाइट बोर्ड के स्थान पर रियल-टाइम डिजिटल इंटरफेस स्थापित किया गया है, जिससे यात्रियों को सटीक एवं पारदर्शी ट्रेन सूचना उपलब्ध हो सके।

यह वेबपेज गोरखपुर जं. स्टेशन से अगले 04 घंटों में प्रस्थान करने वाली ट्रेनों की लाइव स्थिति प्रदर्शित करता है। ट्रेनों को दिशा-वार प्रदर्शित किया गया है, जिससे विशेषकर दैनिक यात्रियों एवं अनारक्षित यात्रियों को जानकारी समझने में सुविधा हो। मार्ग परिवर्तन, रि-शिड्यूलिंग, नियंत्रित तथा निरस्त ट्रेनों को विशेष रूप से हाइलाइट किया गया है, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति अथवा अंतिम समय में असुविधा से बचा जा सके।यात्री स्टेशन पर प्रदर्शित 'क्यूआर कोड' स्कैन कर सीधे वेबपेज तक पहुँच सकते हैं। वेबपेज में ऑटो-रिफ्रेश एवं ऑटो-स्क्रॉल की सुविधा उपलब्ध है, जिससे रियल-टाइम अपडेट निर्बाध रूप से प्राप्त होते रहते हैं। इसके अतिरिक्त, निर्धारित यू.आर.एल. के माध्यम से मोबाइल फोन सहित किसी भी डिवाइस पर इसे एक्सेस किया जा सकता है।

इससे यात्रियों को पूछताछ काउंटर पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे समय की बचत होती है एवं भीड़-भाड़ में कमी आती है। विशेष रूप से दैनिक यात्री अपनी दिशा की अगली उपलब्ध ट्रेन की शीघ्र पहचान कर अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकते हैं।इस प्रणाली में सम्बन्धित रेलकर्मी नई ट्रेनों की प्रविष्टि, मार्ग परिवर्तन एवं निरस्त ट्रेनों तथा सम्भावित प्रस्थान समय का समयबद्ध अपडेट कर सकते हैं।

